सुरक्षा के साए में लगेगा बोड़सरा मेला

कलेक्टर, एसपी ने लिया ने तैयारियों का जायजा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,18 मार्च। विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम बोड़सरा में तीन दिवसीय सतनामी समाज के मेले में सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए जाएंगे ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति नहीं बने। मेला सुरक्षा के साए में लगाया जाएगा। पिछले सालों में मेले के दौरान होने वाली हिंसा को देखते हुए इस बार प्रशासन कोई चांस लेने के मूड में नहीं है।

बोड़सरा में 20 से 22 मार्च तक सतनामी समाज का मेला लगेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक विवेकानन्द सिन्हा, नगर निगम आयुक्त मुकेश बंसल, बिल्हा एसडीएम श्रीमती चंदन त्रिपाठी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आरके खाम्बरा, पीएचई विभाग के ईई श्री मिश्रा, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, जनपद सीईओ श्री मिश्रा सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री बोरा ने मेले के आसपास के स्थानों में आवश्यक साफ-सफाई व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने मेले के पास विद्युत व्यवस्था कराये जाने हेतु कार्यपालन अभियंता विद्युत मण्डल को निर्देशित किया गया। उन्होंने बोड़सरा ग्राम के तालाब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तथा काम की जानकारी ली। कलेक्टर ने रोजगार गारंटी के अंतर्गत और अधिक काम शुरू करने के निर्देश जनपद सीईओ को दिये। ग्रामीणों द्वारा गांव में चेचक की बीमारी के संबंध में बताये जाने पर उन्होंने ब्लॉक चिकित्सक को गांव में ही एक दिवसीय शिविर लगाकर आवश्यक उपचार करने कहा। साथ ही गंदगी वाले स्थानों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने की आवश्यक व्यवस्था के संबंध में एसडीएम को निर्देशित किया। शासकीय प्राथमिक शाला बोड़सरा के परिसर में वृक्षारोपण कराये जाने के निर्देश उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को दिये। कलेक्टर सोनमणि बोरा तथा पुलिस अधीक्षक विवेकानन्द सिन्हा द्वारा मेले के संबंध में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित थाने के पुलिस अधिकारी को आवश्यक पुलिस व्यवस्था किये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर श्री बोरा ने मेला स्थल के परिसर का भी निरीक्षण किया।

छापे में लाखों के कबाड़ बरामद, पार्षद बंदी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

दुर्ग, 18 मार्च। पुलिस ने शहर के कबाड़ियों के यहां छापा मारा गया। जिसमें एक पार्षद सहित अन्य कबाड़ियों के यहां से लाखों का माल जब्त किया गया। कल छापामार कार्रवाई शुरू हुई जो शाम लगभग 6 बजे तक चली। कार्रवाई में पुलिस ने बड़े पैमाने में लोहे सहित अन्य सामाग्रियों का कबाड़ बरामद किया है। सबसे अधिक लगभग 10 टन कबाड़ पार्षद हमीद खोखर धमधा नाका के यहां से मिला। इसमें पुराना एंगल, गैस कटर, आक्सीजन, एलपीजी सिलेंडर सहित रेलवे, बीएसपी का माल शामिल हैं।

मौके पर बिल पेश नहीं किए जा सकने के कारण मोहन नगर थाने में उसके खिलाफ भादवि की धारा लगाते हुए पार्षद हमीद खोखर को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री कोटवानी ने बताया कि हमीद खोखर के यहां अभी तक 12-15 ट्रक अवैध कबाड़ मिल चुका है यहां और भी कबाड़ मिलने की संभावना है। कार्रवाई जारी है। गंजपारा में जहांगीर व फरिश्ता कांप्लेक्स में रफीक कबाड़ी के यहां भी पुलिस ने छापा मारकर कबाड़ जब्त किया है। इनके यहां वाहन के टुकड़े इसमें अधिकतर स्कूटर के पुर्जे थे पुलिस को मिले। लुचकी तालाब पास नदीम पिता सिराज के यहां से बरामद कबाड़ में लोहा अधिक था।

इन तीनों के खिलाफ दुर्ग कोतवाली थाने में कार्रवाई की गई। एडिशनल एसपी कोटवानी ने बताया कि बरामद स्कूटर के पुर्जों में यदि नंबर मिलता है तो वह किस थाना क्षेत्र से चोरी गई है। इसका पता लगाएंगे और आरोपियों के खिलाफ उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाी के दौरान एडिशनल एसपी आरके राय, सीएसपी आरके भट्ट, मोहन नगर थाना प्रभारी एएस खान, नेवई थाना प्रभारी आरपी द्विवेदी, पुलगांव थाना प्रभारी एसआर पठारे, सुपेला थाना प्रभारी केएल टंडन व क्राइम ब्रांच की टीम मौजूद थे।

डेढ़ लाख की तेंदूए की खाल जब्त, दो गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर,18 मार्च। क्राइम स्क्वाड टीम ने तेंदुए की खाल सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सप्ताह भर में क्राइम स्क्वाड टीम को दूसरी बड़ी सफलता मिली है।

दोनों युवक मोटर साइकिल से खाल बेचने बड़ेडोंगर से जंगल के रास्ते से होते हुए कांकेर आ रहे थे। मुखबिर की सूचना पर आमाबेड़ा थानातंर्गत ग्राम उसेली के निकट दोनों युवकों को धर दबोचा गया। बरामद खाल की कीमत डेढ़ लाख रूपये आंकी गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम उसेली के निकट बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल में सवार दो युवक तेंदुए की खाल बेचने का प्रयास कर रहे है। सूचना के आधार पर क्राइम स्क्वाड टीम ग्राम उसेली पहुंची तथा दोनों युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवक पीलूराम कौशिक तथा टीकमचंद यादव दोनों निवासी बड़ेडोंगर जिला बस्तर की तलाशी में एक बैग में एक नग तेंदुए की खाल बरामद हुई।

इन युवकों ने बताया कि खाल उन्होंने एक व्यक्ति से ली थी तथा अधिक पैसे के लालच में इसे बेचने कांकेर जा रहे थे। खाल तस्कारों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने वाले क्राइम स्क्वाड की टीम में प्रदीप चंदेल, महेंद्र कुंजाम, ओम प्रकाश, विजय पांडे, पुरूषोत्तम कतलाम, श्यामलाल कोड़ोपी आदि थे। क्राइम स्क्वाड टीम को सप्ताह भर में खाल तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार करने में यह दूसरी सफलता मिली है। चार दिन पूर्व 13 मार्च को कांकेर के निकट ग्राम नाथिया नवागांव से टीम ने दो युवकों को 50 हजार कीमत के खाल सहित गिरफ्तार किया था।

महिला आयोग को चाहिए और अधिकार : राव

न्याय के लिए वारियार को आयोग के पास आना चाहिए था

छत्तीसगढ़ संवाददाता

कांकेर,18 मार्च। प्रदेश की महिला आयोग तो है लेकित ज्यादा अधिकार नही होने से महिला उत्पीड़न के मामले तत्काल नही निपट पा रहे है। इसलिए महिला आयोग को ताकत देने की जरूरत है। उक्त बातें महिला आयोग की अध्यक्ष विभा राव ने विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा में कही।

श्रीमती राव ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं आयोग तक नही पहुंच पाती इसलिए अब आयोग खुद ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच रही है। अब तक के चार चरणों में करीब 50 हजार महिलाओं से मुलाकात की जा चुकी है जो भी महिलाएं अपनी समस्या लेकर आयोग तक पहुंचती है उनके समस्याओं का निराकरण सहज रूप से किया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा भ्रूण हत्या के मामले में प्रदेश को तीसरे नंबर पर रखा गया जो आंकड़े गलत है सही आंकड़े एकत्रित किये जा रहे है। विभा राव ने कहा कि भ्रूण हत्या के मामले अधिक्तर आदिवासी क्षेत्र में होते है अब तक आयोग को करीब 2100 प्रकरण मिल चुके है। जिसमें 1250 मामलों का निराकरण किया जा चुका है।

महिला आयोग के पदाधिकारियों से जब कलेक्टर अविनाश चंपावत व माया वारियार के मामले के संबंध में पूछा गया तब अध्यक्ष व सदस्यों का जवाब था कि सहायक आयुक्त माया वारियार को आयोग के पास आना था एक पढ़ी लिखी महिला होने के बावजूद वह क्यों नही आई यह समझ से परे है यदि माया आयोग तक पहुंचती तो निश्चित ही उन्हें न्याय मिलता। इस अवसर पर आयोग की सदस्यता रीता आईच, मृदुला राठौर, कांकेर कलेक्टर श्री खाखा, कांकेर में कलेक्टर रहे चुके सदस्य सचिव बी पी एस नेताम, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनिता सोनी, शालिनी राजपूत, लता चौहान उपस्थित थे।

अनियमितताओं की जांच की मांग

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,18 मार्च। नगर पंचायत रतनपुर में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत आयुक्त नगरीय प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन से की गई है। 11 बिदुओं की प्रेषित शिकायत की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई की जाने की मांग की गई है।

छत्तीसगढ़ पत्रकार महासंघ तहसील इकाई कोटा के अध्यक्ष रमेश शर्मा ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को लिखे पत्र में कहा है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य कर्मी कार्यालयीन समय में नियमित नहीं आते हैं। इसकी वजह से नगर पंचायत कार्यालय में अव्यवस्था है। लोगों को काम के लिए कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं।

आयुक्त नगरीय प्रशासन से की गई शिकायत

कार्यालय में पदस्थ एक उच्च श्रेणी लिपिक जो एकाउंटेंट के प्रभार में है, शराब पीकर कार्यालय आता है। उसके खिलाफ थाने में दो बार लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। राज्य शासन से उनकी दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश भी जारी किए गए है। इसके बाद भी नपा अधिकारी द्वारा इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके साथ ही शासन के आदेश के विपरीत रोके गए वेतन वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है।

मूलभूत सुविधाओं का प्रभार जिस लिपिक को दिया गया है वह भी कार्यालय में नहीं रहते। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मुख्य नपा अधिकारी भी मुख्यालय में नहीं रहते व नियमित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचते। नगर की साफ-सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है। नालियों की नियमित साफ-सफाई भी नहीं हो पा रही है।

पेयजल की समस्या को लेकर नगर में हाहाकार मचा हुआ है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2009-10 की राजस्व वसूली भी पूरी नहीं की गई है। श्री शर्मा ने नगर पंचायत कार्यालय पर बिजली व जल उपकरणों की खरीदी में गंभीर अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने अगस्त 2009 के बाद पार्षद मद से खर्च की गई राशि की भी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। श्री शर्मा ने नगर की समस्याओं, वित्तीय अनियमितताओं समेत अधिकारियों की शिकायत सचिव नगरीय प्रशासन, छत्तीसगढ़ शासन सहित व कलेक्टर सहित आला अधिकारियों से की है। उन्होंने मामले की जांच के लिए टीम गठित करने की मांग करते हुए दोषी पाए जाने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि जनहित में उनकी मांगों को गंभीरता से लेकर जांच नहीं की गई तो पत्रकार महासंघ जन आंदोलन व धरना प्रदर्शन करेंगे।

बिलासपुर। इंदिरा सेतु मरम्मत के नाम पर करीब एक महीने तक बंद रहा। पांच दिन पहले इसे दोबारा यातायात के लिए खोला गया। कलेक्टर ने आगामी आदेश तक दिन में पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई है। इसके बाद भी रोज पुल से भारी वाहन कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ा कर गुजर रहे हैं।

परीक्षा केन्द्र के बाहर मिला नकल का भंडार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,18 मार्च। निरीक्षण दल को आते देख छात्रों में हड़कंप मच गया। छात्र नकल सामग्री को खिड़की से बाहर फेंकने लगे। इसके साथ ही गाइड और दूसरे नकल सामग्रियों का भंडार परीक्षा केन्द्र के बाहर दिखाई देने लगा।

बीएससी के परचे में 7 नकलची पकड़ाए

सेंट्रल यूनिवर्सिटी से संचालित विभिन्न पाठयक्रमों के लिए आयोजित मुख्य परीक्षा के प्रथम पाली के दौरान तखतपुर के शासकीय जेएमपी कालेज में उड़नदस्ते ने औचक निरीक्षण कर एक ही परीक्षा केन्द्र से नकल के सात मामले बनाये हैं। सभी परीक्षार्थियों की कापियां अगली कार्रवाई के लिए विवि भेज दी गई है। गुरूघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में संचालित पाठयक्रमों की परीक्षा के दौरान वि.वि.प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षा दिलाने में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने व नकल पर थोड़ी भी ढील नहीं देने के सख्त निर्देश का असर दिखने लगा है। जिसके चलते पहले की तुलना में नकल प्रकरणों की संख्या कम हुई है।

नकल के लिए बदनाम क्षेत्रों के परीक्षा केन्द्रों से परीक्षा निरस्त कर दी गई है। विवि. द्वारा कुछ संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों हेतु विशेष उड़नदस्ता दल बनाये गए हैं जिसमें अनुभवी शिक्षक की टीम इन परीक्षा केन्द्रों में जाकर नकलचियों के प्रयास को विफल करते हैं। बुधवार को उड़नदस्ता टीम ने तखतपुर के बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 7 नकलचियों को पकड़ा है। उड़नदस्ता दल ने शासकीय जेएमपी कालेज में निरीक्षण किया।

निरीक्षण दल को आते देख छात्रों में हड़कंप मच गया। छात्र नकल सामग्री को खिड़की से बाहर फेंकने लगे। इसके साथ ही गाईड और दूसरे नकल सामग्रियों का भंडार परीक्षा केन्द्र के बाहर दिखाई देने लगा। नकल सामग्री बाहर फेंकता देख उड़नदस्ता टीम तुरंत हरकत में आई और जांच के दौरान 7 छात्रों को नकल के साथ पकड़ा। इन छात्रों का नकल प्रकरण बनाकर मामले की विवि भेजा गया है।

उड़नदस्ते द्वारा शासकीय कालेज मुंगेली, शासकीय कालेज कोटा का भी दौरा किया गया लेकिन इन कालेजों में नकल का मामला सामने नहीं आया।

बेटे की कुल्हाड़ी मारकर हत्या, पिता जेल में

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,18 मार्च। मामूली विवाद पर पिता ने अपने बेटे पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

लालपुर थानांतर्गत ग्राम कोयलानी निवासी रामदयाल साहू कोई नौकरी नहीं करता था और घर के काम में भी मदद नहीं करता था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र अक्सर विवाद हुआ करता था। बुधवार की शाम को भी ऐसा ही हुआ। विवाद के बाद पुत्र बेदराम ने तैश में आकर पिता की पिटाई कर दिया। इससे आक्रोशित पिता ने घर में ही रखे कुल्हाड़ी से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया।

ढाबा में युवक से देशी कट्टा जब्त

बुधवार की देर रात सेंदरी स्थित अपना ढाबा से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। वहीं एक व्यक्ति से 12 बीयर और 5 पाव अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। सेंदरी स्थित अपना ढाबा में अभिनय सिंह देशी कट्टा किसी अज्ञात व्यक्ति को बेच रहा था। कोतवाली सीएसपी राजेन्द्र भैय्या, एडएसपी गोवर्धन ठाकुर सहित दल बल मौके पर पहुंचे और युवक को धर दबोचा।

पकड़े जाने के बाद भी युवक ढाबा में पुलिस वालों को धमकाता रहा कि वह कृषक रत्न कमलेश सिंह का भतीजा है। युवक की धमकी का पुलिस पर कोई असर नहीं पड़ा और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ढाबे से पुलिस ने 12 नग बियर की बोतल तथा 4 पाव अंग्रेजी शराब एक सन्नी सिंह व्यक्ति के पास से बरामद किया है।

गृह मंत्री ने पकड़ी अवैध शराब, लोगों ने की थी शिकायत

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 18 मार्च। लवन सरखोर में कबीर महोत्सव में शामिल होने जा रहे गृह मंत्री ननकी राम कंवर ने स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद रास्ते में रूक कर एक ढाबे से अवैध शराब जब्त करवाई।

श्री कंवर के प्रवास के दौरान अंचल में अवैध शराब बिक्री, सट्टा और जुआं के पर रोक लगाने भाजपा कार्यकर्ता पार्षद संजु पंजवानी, कृष्णा टंडन, लक्ष्मी साहू, पुरूषोत्तम सोनी और उमेश बाजपेयी ने गृहमंत्री ननकी राम कंवर से शिकायत करते हुए शीघ्र रोक थाम की मांग की थी। श्री कंवर स्थानीय विश्राम गृह में ठहरे थे। इस दौरान उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय दिलखुश ढाबा में छापा मार कार्रवाई करते हुए एक बाटल शराब सहित दो लोगों को मदिरा सेवन करते हुए पकड़ा।

इस दौरान श्री कंवर से स्थानीय पत्रकारों ने शहर में आईपीएल क्रिकेट पर हाईटेक सट्टा खिलाने की शिकायत की। साथ ही शहर में रिक्त पड़े थाना प्रभारी व महिला पुलिस न होने कि शिकायत भी की है। जिस पर श्री कंवर ने मोबाइल पर एसपी अमित कुमार से चर्चा कर शीघ्र नियुक्ति करने का आदेश दिया है। कुछ प्रबुद्ध जनों ने अंग्रेजी शराब भट्टी व इंदिरा कॉलोनी शराब भट्टी को हटाने की मांग करते हुए रास्ते में मंदिर होने व शाला भवन होने के साथ संघन बस्ती होने की बात कही है।

शराब दुकान का सेल्समैन अगवा कोई सुराग नही

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बैकुंठपुर,18 मार्च। स्थानीय शराब दुकान में सेल्समैन का काम करने वाले विनोद को गत 17 मार्च की रात्रि में वैन सवार कुछ लोगों ने अगवा कर लिया। इस मामले में अब तक कोई सुराग नही मिल सका है।

बैकुंठपुर के शराब दुकान में सेल्समैन का कार्य करने वाले विनोद को बीती रात अज्ञात लोग अपनी वैन में बैठाकर कहीं ले गये। जिसकी जानकारी सेल्समैन ने अपने मालिक को फोन कर दी।

पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी करायी गयी लेकिन उक्त वैन का कही पता नही चल सका। अभी तक यह भी पता नही चल सका है कि किन कारणों से आरोपियों के द्वारा सेल्समैन को अगवा किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी हुई है, और पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की बात कह रही है।

3 जिलों में अमोनियम नाइट्रेट की खपत बढ़ने से पुलिस की चिंता बढ़ी

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव,18 मार्च। गढ़चिरौली के धनौरा इलाके में नक्सलियों द्वारा अमोनियम नाइट्रेट से भरा टैंकर लूटे जाने के बाद महाराष्ट्र से सटे प्रदेश के कुछ जिलों में इसकी खपत होने की खबर से पुलिस परेशान हो गई है। बताया जा रहा है कि टैंकर के केमिकल को नक्सली लूटने के बाद विस्फोटक के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। अमोनियम नाइट्रेट को अति ज्वलनशील माना जाता है। वहीं इसका बम एवं अन्य विस्फोटक में उपयोग भी किया जाता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने इसकी खेप को महाराष्ट्र के गोंदिया, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, कांकेर एवं नारायणपुर जिले में भेजा है। इस खबर के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गई है। टैंकर के केमिकल का नक्सली कहां और किस तरह से इस्तेमाल करेंगे, इसको लेकर विभाग सतर्कता बरत रहा है।

समझा जाता है कि नक्सली भी अब आपरेशन ग्रीन हंट की जवाबी कार्रवाई के लिये काफी उत्पात मचा सकते हैं। नक्सलियों तक टैंकर के चन्द्रपुर से बचेली जाने की भनक कैसे पहुंची इस पर भी महाराष्ट्र पुलिस जांच कर रही है। इस घटना के संबंध में एसपी गढ़चिरौली जय कुमार ने 'छत्तीसगढ़' को बताया कि टैंकर की लूट के बाद अभी भी जवान आपरेशन सर्च कर रहे हैं। जल्द ही पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेगी। यहां यह भी कहा जा रहा है कि नक्सली छोटे-छोटे वाहनों से इस केमिकल को सघन इलाकों में ले गये हैं जहां से नक्सली इसका उपयोग करेंगे। सूत्रों का मानना है कि केमिकल के पूरे उपयोग से नक्सली बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। यह भी माना जा रहा है कि इस रासायनिक पदार्थ के माध्यम से बने बम से कई शहरों को आसानी से नक्सली अपने निशाने में रख सकते हैं।

गढ़चिरौली पुलिस इस घटना के बाद से काफी हलाकान है। महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के सीमा में नक्सलियों की खासी मौजूदगी भी इस लूट के तथ्यों को सही ठहरा रही है। राजनांदगांव जिले में भी चाक-चौबंद व्यवस्था कर पुलिस गोपनीय तरीके से इस केमिकल की खेप के बारे में पतासाजी कर रही है।

सुरक्षा कारणों से स्थानीय पुलिस ने किसी भी बातों की पुष्टि करने से इंकार कर दिया। बहरहाल गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों के केमिकल टैंकर को लूटे जाने के प्रमुख कारणों पर दोनों राज्य की पुलिस गंभीरतापूर्वक जांच कर रही है।

गांव में ही रात गुजारेंगे अधिकारी





छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,18 मार्च। ग्राम सुराज अभियान के तहत अधिकारियों को गांव में ही रात्रि विश्राम करना होगा। इसके साथ ही ग्राम सुराज में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण तभी माना जायेगा, जब तक उसकी ऑन लाइन कम्प्यूटर के माध्म से एन्ट्री न की जाए।

ग्राम सुराज अभियान की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर सोनमणि बोरा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभाग के अधिकारी, एसडीएम सहित जनपद सीईओ की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया कि आगामी अप्रैल माह से प्रारंभ होने वाले ग्राम सुराज अभियान से पूर्व सभी विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग से संबंधित कोई प्रकरण, शिकायत अथवा मांग लंबित तो नहीं है।

ग्राम सुराज अभियान दो चरणों में

कलेक्टर श्री बोरा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आगामी 15 दिन गांवों का सतत् भ्रमण कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक जानकारी वहां के ग्रामीणों से लें। कलेक्टर ने इसके लिये कार्ययोजना तैयार कर कहा है कि अधिकारी सुबह 7 बजे से 9 बजे तक गांव का भ्रमण करेंगे। उसके बाद वे कार्यालय आकर प्राप्त आवेदनों, शिकायतों का निराकरण कर शाम को कलेक्टर को की गयी कार्यवाही से अवगत करायेंगे। कलेक्टर श्री बोरा ने बताया कि इस वर्ष ग्राम सुराज में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा सहभागी बनाया जायेगा। अधिकारियों को भी गांव में ही रात्रि विश्राम करना होगा। ग्राम सुराज में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण तभी माना जायेगा, जब तक उसकी ऑन लाइन कम्प्यूटर के माध्म से एन्ट्री न की जाए।

12 अप्रैल से 16 अप्रैल तथा 19 अप्रैल से 23 अप्रैल दो चरणों में ग्राम सुराज संभावित है। जिले में 120 के लगभग हाट-बाजार हैं। यहां पर विकास रथ जायेगा, जिसके माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी।